**न्यू जर्सी इकोनोमिक डेवलपमेंट अथॉरिटी**
**सक्रियण, पुनरुद्धार, तथा रूपान्तरण (ART) कार्यक्रम**
**फेज़ II - सार्वजनिक स्थान सक्रियण उत्पाद**
**फ़ंडिंग उपलब्धता की सूचना**

**मंगलवार, सितंबर 26, 2024, को प्रातः 10:00 बजे ईएसटी** से न्यू जर्सी इकोनोमिक डेवलपमेंट अथॉरिटी ("NJEDA" या "अथॉरिटी") प्रतिस्पर्धी अनुदान कार्यक्रम सक्रियण, पुनरुद्धार, तथा रूपान्तरण (ART) कार्यक्रम फेज़ II के लिए आवेदन स्वीकार करना प्रारम्भ करेगी – सार्वजनिक स्थान सक्रियण उत्पाद ("कार्यक्रम")।
आवेदन एक स्पर्धात्मक विंडो के दौरान स्वीकार किए जाएँगे और **सोमवार, नवंबर 25, 2024 को सायं 5:00 बजे ईएसटी** पर बंद हो जाएँगे।
आवेदन तक यहाँ पहुंचा जा सकता है: सक्रियण, पुनरुद्धार, तथा रूपान्तरण (ART) कार्यक्रम - फेज़ II - NJEDA
स्कोरिंग के आधार पर कार्यक्रम 501c (3), 501c (6), या 501c (19) स्थिति वाले पात्र गैर-लाभकारी संगठनों को $100,000 और $500,000 के बीच अनुदान उपलब्ध कराएगा।

## उद्देश्य तथा अवलोकन

यह एक प्रतिस्पर्धी अनुदान कार्यक्रम है जो अग्रसक्रिय रूप से 15 मिलियन डॉलर की तैनाती करेगा निम्न वर्णन के अनुसार सार्वजनिक स्थान सक्रियण पहलों के निर्माण के माध्यम से, विशेष रूप से चयनित नगर पालिकाओं के शहरी क्षेत्रों में परिवर्तन के लिए एक रचनात्मक शक्ति के रूप में न्यू जर्सी के कला और सांस्कृतिक क्षेत्र का लाभ उठा कर सामुदायिक स्थान निर्माण प्रयासों को उत्प्रेरित करेगा। डाउनटाउन और वाणिज्यिक गलियारे दोनों ही, शहरी और ग्रामीण भौगोलिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, तथा उद्यमियों का सशक्तिकरण कर, सांस्कृतिक केन्द्रों का निर्माण कर और सामुदायिक संपदा का निर्माण कर समुदायों के लिए आर्थिक इंजन के रूप में कार्य करते हैं। यह कार्यक्रम कला और संस्कृति-केंद्रित स्थान-निर्माण प्रयासों के माध्यम से इन समुदायों पर हुये कोविड-19 महामारी के आर्थिक प्रभाव को कम करने और पुनःप्राप्ति में सहायता करेगा, जिससे न्यू जर्सी के सबसे कमजोर वाणिज्यिक गलियारों में पैदल यातायात को बढ़ाकर न्यू जर्सी की मुख्य सड़कों और समुदायों के लिए रोजगार-बनाए रखने वाले राजस्व का सृजन होगा।

## फ़ंडिंग

यह कार्यक्रम अमेरिकी बचाव योजना ("ARP") कोरोनावायरस राज्य और स्थानीय राजकोषीय रिकवरी फंड ("SLFRF") से वित्त वर्ष 2023 बजट विनियोजन अधिनियम (PL 2022, C49) के माध्यम से 15 मिलियन डॉलर का उपयोग करेगा, जिसे "कला समर्थन और स्थान-निर्माण अनुदान कार्यक्रम" के रूप में जाना जाएगा, और जिसे आर्थिक सुधार कोष ("ERF") को सौंपा जाएगा। ये फंडस उन स्थान निर्माण गतिविधियों का समर्थन करेंगे जो राज्य भर में प्रत्यास्थी शहरों तथा अवसंरचनाओं का निर्माण करने के लिए समुदायों में निवेश करती हैं।

संभाव्य अवार्ड राशि, फ़ंडिंग उपलब्धता के संबंध में वर्तमान जानकारी पर आधारित है; अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध होने पर NJEDA उस राशि और अवार्ड की संख्या को बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

## पात्रता आवश्यकताएँ

पात्र आवेदक 501c (3), 501c (6), or 501c (19) स्थिति वाली ग़ैर लाभकारी संस्थाएं हैं। नगरपालिकाएँ, सरकारें, तथा लाभकारी संस्थाएं आवेदन करने के लिए पात्र **नहीं** हैं, हालांकि उच्च शिक्षा के लिए राज्य संस्थाएं जो ग़ैर लाभकारी संस्थाओं की श्रेणी में से एक हैं पात्र होती हैं। कोई भी आवेदक जो ART कार्यक्रम के फ़ेज़ I से अनुदान प्राप्त करती है इस कार्यक्रम के फ़ेज़ II के लिए अपात्र होता है। आवेदन प्रति EIN केवल एक आवेदन तक ही सीमित है।

आवेदकों को न्यू जर्सी श्रम एवं कार्यबल विकास विभाग तथा न्यू जर्सी पर्यावरण संरक्षण विभाग (जैसा कि दोनों विभागों द्वारा परिभाषित किया गया है) के साथ पर्याप्त रूप से अच्छी स्थिति में होना चाहिए, तथा अनुमोदन से पहले NJEDA की अन्य वित्तीय सहायता के मामले में चूककर्ता नहीं होना चाहिए। पात्र होने के लिए, आवेदक को आवेदन के समय यह दिखाने के लिए कि आवेदक न्यू जर्सी डिवीज़न ऑफ टैक्सेशन के साथ अच्छी स्टैंडिंग में है, अवश्य ही वर्तमान टैक्स क्लियरेंस प्रमाणपत्र (परंतु जैसा नीचे वर्णित है उस क्योर के अधीन) भी उपलब्ध कराना चाहिए।

सभी परियोजनाएं प्राधिकरण की प्रचलित मजदूरी और सकारात्मक कार्रवाई आवश्यकताओं और लोक निर्माण ठेकेदार पंजीकरण अधिनियम (NJSA 34:11-56.48 et seq.) के अनुपालन के अधीन होंगी, जिसके अनुसार सभी ठेकेदारों, उपठेकेदारों, या निचले स्तर के उपठेकेदारों (बोली प्रस्ताव में सूचीबद्ध उपठेकेदारों सहित) को, जो न्यू जर्सी में किसी भी सार्वजनिक कार्य के लिए बोली लगाते हैं या उसके निष्पादन में संलग्न होते हैं, एनजे श्रम और कार्यबल विकास विभाग के साथ पंजीकरण कराना आवश्यक है।

अनुदान संघीय लाभों के दोहराव आवश्यकताओं के अधीन होंगे। आवेदन के समय आवेदकों को परियोजना लागत में पहचाने गए समान व्यय का समर्थन करने के लिए राज्य या संघीय फ़ंडिंग प्राप्त नहीं होना चाहिए और उन्हें आवेदन के समय लाभों के दोहराव का प्रमाणीकरण प्रस्तुत करना होगा। स्वीकृतियाँ लागत के औचित्य विश्लेषण पर निर्भर करेंगी जिसकी समीक्षा अनुदान फंड की स्वीकृति तथा आवंटन से पूर्व की जाएगी। (कृपया "स्रोत तथा उपयोग" के संबंध में चर्चा को नीचे देखें।)

<u>**कार्यक्रम की आवश्यकताएँ**</u>

आवेदन जमा करने के समय, आवेदक को अवश्य ही प्रमाणित करना चाहिए कि किस प्रकार परियोजना निम्न संघीय पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करती है:

- <u>कोविड प्रभाव:</u> आवेदकों को अवश्य ही संबोधित करना चाहिए कि किस प्रकार प्रस्ताव कोविड 19 महामारी के नकारात्मक सार्वजनिक स्वास्थ्य तथा/अथवा आर्थिक प्रभाव को प्रतिउत्तरित करता है तथा ARP कार्यक्रम की सभी आवश्यकताओं का अनुपालन करता है।
- <u>क्षमता</u>: आवेदक के पास कम से कम एक (1) ऐसी परियोजना के क्रियान्वयन का अनुभव होना चाहिए जो प्रस्तावित परियोजना के समान हो।
- <u>दीर्घ-कालीन प्रभाव</u>: प्रतियोगी आवेदकों को आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना होगा कि प्रस्ताव का उनके समुदाय पर किस प्रकार सकारात्मक दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेगा तथा समग्र रूप से समुदाय को इससे क्या लाभ होगा।
- <u>वित्तीय व्यवहार्यता</u>: परियोजना की दीर्घकालीन व्यवहार्यता अवश्य ही प्रदर्शित होनी चाहिए और यह प्रमाणित होना चाहिए कि परियोजना 12/31/26 के पूर्व पूरी कर ली जाएगी।
- <u>यूएस ट्रेज़री रिपोर्टिंग:</u> 1 डॉलर से अधिक के सभी परियोजना व्यय की अमेरिकी ट्रेजरी विभाग को प्रासंगिक रिपोर्टिंग उपलब्ध कराने की क्षमता (यदि लागू हो या अमेरिकी ट्रेजरी द्वारा अनुरोध किया गया हो), विशेष रूप से, सभी प्रस्तावों को एक विवरण प्रदान करना होगा कि परियोजना उनकी नगरपालिका में कोविड 19 के प्रभावों को कैसे संबोधित करेगी और यह पूंजीगत व्यय कोविड के कारण होने वाले आर्थिक नुकसान को दूर करने के लिए सबसे उपयुक्त क्यों है।

आवेदन के समय, आवेदक को यह प्रमाणित करने के लिए एक परियोजना समय सीमा जमा करने की आवश्यकता होगी कि परियोजना संघीय कार्यक्रम दिशानिर्देशों को पूरा करती है। आवेदक सभी स्कोर किए गए प्रश्नों का उत्तर देंगे कि किस प्रकार परियोजना इन संघीय कार्यक्रम दिशानिर्देशों को पूरा करती है।

इसके अलावा, आवेदकों को अवश्य ही सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी पात्र परियोजना स्थल निम्न कसौटियों पर खरे उतरते हैं:

1) परियोजनाएं अवश्य ही इस कार्यक्रम के लिए परिभाषित वाणिज्यिक गलियारे में होनी चाहिए: आवास और बंधक वित्त एजेंसी द्वारा "लक्ष्य शहरी नगर पालिका" के रूप में निर्दिष्ट नगर पालिका या DCA द्वारा पड़ोस संरक्षण कार्यक्रम (NPP) पात्र नगर पालिका के रूप में निर्दिष्ट , या परिवहन विभाग द्वारा निर्दिष्ट एक "ट्रांजिट विलेज" वाली नगर पालिका;
2) परियोजना को अवश्य ही ऐसी नगरपालिका में होना चाहिए जिसे DCA 2023 के नगरपालिका पुनरोद्धार सूचकांक ("MRP") के शीर्ष 25% में स्थान प्राप्त हो: तथा
3) परियोजनाओं को उसी नगर पालिका में संचालित किसी सक्रिय न्यू जर्सी ट्रांजिट, PATCO, PATH, अथवा SEPTA यात्री रेल या लाइट रेल स्टेशन के 1.5 मील के भीतर स्थित होना चाहिए, जो उपरोक्त कसौटियों पर खरा उतरता हो। (स्थान NJDCA भौगोलिक सूचना प्रणाली यात्री रेल स्टेशन बिंदु डेटा पर आधारित हैं।)

31 नगरपालिकाएँ जिनमें इस कार्यक्रम के लिए पात्र क्षेत्र हैं: एस्बरी पार्क, बेयोन, बेलेविले, बर्लिंग्टन सिटी, कैम्डेन, सिटी ऑफ ऑरेंज, क्लिफ़्टन, दोवर, दुनेलेन, ईस्ट ऑरेंज, एग हार्बर सिटी, एलिज़ाबेथ, गारफील्ड, हैकेनसैक, हैमंटन, जर्सी सिटी, लिंडेन,लिंडेनवोल्ड, लॉन्ग ब्रांच, नेटकाँग, न्यू ब्रन्सविक, नॉर्थ बर्गेन, पसाइक, पैतरसन, पेनसौकेन, पर्थ एमबॉय, प्लेनफ़ील्ड, राहवे, रिवरसाइड, ट्रेंटन तथा यूनियन सिटी।

**<u>नोट</u>**: हालांकि एटलांटिक सिटी तथा नेवार्क भी ऐसी नगरपालिकाएँ हैं जो पात्रता कसौटियों पर खरी उतरती हैं, मगर दोनों शहर इस कार्यक्रम के लिए **<u>अपात्र</u>** हैं क्योंकि उन्हें ART कार्यक्रम के फ़ेज़ I के अंतर्गत, तथा साथ ही शहरी निवेश फंड तथा एटलांटिक सिटी पुनरोद्धार अनुदान कार्यक्रम के जरिये अन्य बजट विनियोजन जो उन शहरों को मिले हैं से अतिरिक्त फ़ंडिंग प्राप्त हुई है।

**<u>पात्र उपयोग</u>**

यह कार्यक्रम सार्वजनिक स्थान सक्रियण पहलों के निर्माण का समर्थन करेगा, जैसे स्थान निर्माण परियोजनाएं, सार्वजनिक कला अधिष्ठापन, तथा कलाधारित परियोजनाएं। इन गतिविधियों में शामिल हो सकती हैं, परंतु इन्हीं तक सीमित नहीं हैं, कला प्रदर्शनियाँ, निष्पादन, उत्सव, परेड, कंसर्ट्स या कंसर्ट्स की श्रृंखला, फ़िल्म तथा वीडियो स्क्रीनिंग, तथा सांस्कृतिक क्रायक्रम। आवेदक को कला या स्थान-निर्माण परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु परिचालन लागत का समर्थन करने के लिए भी फ़ंडिंग प्रदान की जा सकती है।

अपात्र परियोजना गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं, परंतु इन्हीं तक सीमित नहीं, अचल संपत्ति की अधिकग्रहन लागत, अचल संपत्ति की लीज़ें जिनकी समापन तिथि 31 दिसंबर 2026 के बाद की हो, इंक्यूबेटर स्थान, तथा अचल संपत्ति निर्माण। साथ ही बुनियादी अवसंरचना में प्रमुख सुधार, जैसे पूंजीगत व्यय, जिसमें शामिल हैं, परंतु इन्हीं तक सीमित नहीं सीवर, अपशिष्ट जल, विद्युतीय ग्रिड, सड़कों को पक्का करना, पेय जल प्रणालियाँ, और ऐसी संरचनाएँ जो 31 दिसंबर 2026 के बाद भी वहीं बनी रहेंगी, और साथ ही खाली ज़मीन के लिए विध्वंस।

नोट: सभी आवेदकों को आवेदन के स्त्रोत तथा उपयोग प्रपत्र पर स्त्रोत तथा उपयोग विश्लेषण जमा करना ही चाहिए। स्त्रोत सेक्शन के लाइन आइटम्स में परियोजना फ़ंडिंग के सभी स्त्रोत सूचीबद्ध किए जाने चाहिए, जिसमें कार्यक्रम अनुदान आवेदन में

निवेदित फंडस भी शामिल होंगे। यदि कार्यक्रम अनुदान आवेदन में निवेदित फंड स्त्रोत के रूप में सूचीबद्ध नहीं होगा या यदि कुल स्त्रोत कुल उपयोग के बराबर नहीं होते हैं, तब स्त्रोत तथा उपयोग दस्तावेज़ अपूर्ण माना जाएगा, और आवेदन को ग़ैर विवेकाधीन अस्वीकृति प्राप्त हो जाएगी।

**<u>अनुदान राशियाँ</u>**

कार्यक्रम के के लिए न्यूनतम अनुदान अवार्ड 100,000 डॉलर तथा अधिकतम अनुदान अवार्ड 500,000 डॉलर है।

स्टाफ द्वारा आवेदकों को उनकी रैंकिंग के आधार पर निवेदित पूरी डॉलर धनराशि आवंटित की जाएगी। यह प्रक्रिया आवेदन स्कोर के घटते क्रम में जारी रहेगी, जहां सदैव पूरी निवेदित डॉलर राशि तब तक आवंटित की जाएगी, जब तक सम्पूर्ण कार्यक्रम फंड्स समाप्त नहीं हो जाते हैं।

अगर कुछ आवेदन बचे रह जाते हैं, जिन्हें पूरी निवेदित डॉलर राशि में फंड नहीं किया जा सकता होगा, मगर उन्होंने 65 का न्यूनतम स्कोर प्राप्त किया होगा, NJEDA स्टाफ उन आवेदकों को स्कोर के घटते क्रम में उनके स्कोर के संबंध में सूचित करेगा और परियोजना फंड्स जो उपलब्ध हैं उनके बारे में बताएगा। इन आवेदकों के पास प्राधिकारियों द्वारा सूचित किए जाने के बाद दोनों के लिए 15 कार्य दिवस होंगे (1) उपलब्ध फंड्स को स्वीकार करना तथा (2) प्रस्तावित परियोजना बजट को पूरा करने के लिए अतिरिक्त फ़ंडिंग स्त्रोत का प्रमाण उपलब्ध कराना। यह प्रमाण आशय पत्र, प्रतिबद्धता पत्र या बैंक स्टेटमेंट के रूप में हो सकता है। यदि आवेदक उपलब्ध राशि को स्वीकार नहीं करने का निर्णय लेता है या परियोजना को पूरा करने के लिए अतिरिक्त फ़ंडिंग की पहचान नहीं करता है, तब आवेदन अपूर्ण होगा और उसे NJEDA द्वारा वापस लिया माना जाएगा।

**<u>आवेदन जमा करने और समीक्षा प्रक्रिया</u>**

आवेदन एक प्रतिस्पर्धी आवेदन राउंड के दौरान कार्यक्रम ऑनलाइन आवेदन पोर्टल के ज़रिये स्वीकार किए जाएँगे, जो **26 सितंबर 2024 को प्रातः 10:00 बजे से खुला रहेगा। EDT 25 नवंबर 2024 को सायं 5:00 बजे EDT**। आवेदन अवधि समाप्त होने के बाद सभी आवेदनों की समीक्षा की जाएगी। आवेदन प्रति EIN केवल एक आवेदन तक ही सीमित है। प्राधिकरण, आवेदन अवधि की समाप्ति तिथि को या उसके बाद पात्रता दस्तावेज़ीकरण के लिए जमा किए गए सभी आवेदनों की समीक्षा निष्पादित करेगा।

पात्रता आवश्यकताओं से सम्बद्ध छूटे हुये या अपूर्ण दस्तावेज़ों को जमा करने के लिए आवेदकों को 10-कार्य दिवस दिये जाएँगे। अगर 10 दिन की क्योर अवधि के बाद भी आवेदन अपूर्ण रहता है तब आवेदन को अपील के अधिकार के बिना अस्वीकार कर दिया जाएगा। यदि आवेदन कार्यक्रम पात्रता स्थापित करने में विफल रहता है, तब आवेदन को ठुकरा दिया जाएगा।

पात्रता दस्तावेज़ और आवेदन प्रतिउत्तरों को स्पष्ट करने के लिए स्टाफ़, आवेदकों से अतिरिक्त प्रतिउत्तर भी मांग सकते हैं।

**<u>स्कोरिंग</u>**

प्राधिकरण के स्टाफ़ सदस्यों से निर्मित एक मूल्यांकन स्कोरिंग कमेटी द्वारा सम्पूर्ण तथा पात्र आवेदनों की समीक्षा तथा उन्हें स्कोर किया जाएगा। अनुमोदन के लिए बोर्ड के विचारार्थ अनुशंसित होने हेतु आवेदनों को**65 पॉइंट्स का न्यूनतम स्कोर** अवश्य ही पाना चाहिए जो कि जो कि उच्चतम स्कोर वाले आवेदक से लेकर न्यूनतम स्कोर प्राप्त करने वाले आवेदक तक होगा, जैसा कि निम्नलिखित मानदंडों पर आधारित है:

1. लागत अनुमान के साथ, परियोजना का वर्णन करें,

    - **8 पॉइंट्स**अंतिम योजना तथा लागत अनुमानों के लिए।

- **3 पॉइंट्स** प्रारंभिक योजनाओं तथा लागतों के लिए।
- **0 पॉइंट्स** यदि अन्यथा हो।

2. साइट उपयोग तथा पहुँच का वर्णन करें। क्या संस्था के पास अभी परियोजना में वर्णित उद्देश्य के लिए साइट के उपयोग, या उपयोग के लिए अनुमति पाने की सामर्थ्य है।

    - **7 पॉइंट्स** यदि आवेदक ने साइट उपयोग तथा पहुँच को प्रदर्शित किया है।
    - **0 पॉइंट्स** यदि अन्यथा हो।

3. वर्तमान ऐतिहासिक ट्राफ़िक डेटा जैसे ट्राफ़िक मापन, टिकट बिक्री, दर्शक संख्या या अन्य समान पैमानों के आधार पर प्रदर्शित करें कि किस प्रकार यह परियोजना स्थानीय समुदाय में पैदल ट्राफ़िक को बढ़ाएगी।

    - **5 पॉइंट्स** यदि आवेदक ने पैदल ट्राफ़िक में महत्वपूर्ण वृद्धि [50% से अधिक वृद्धि] प्रदर्शित की है।
    - **3 पॉइंट्स** यदि आंशिक वृद्धि हो [1% से 50% वृद्धि]।
    - **0 पॉइंट्स** यदि कोई वृद्धि न हो।

4. आवेदक संस्था के समान परियोजनाओं के साथ अनुभव का स्तर का वर्णन करें जो प्रस्तावित परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा करने की उनकी क्षमता को दर्शाता है। कृपया किसी भी पिछली परियोजनाओं को शामिल करें जिसमें सार्वजनिक या नगरपालिका स्थानों के लिए खुले स्थानों में कला-आधारित गतिविधियां शामिल रही हों और उन परियोजनाओं की स्थिति के बारे में विवरण दें।

    - **15 पॉइंट्स** यदि दो या अधिक परियोजनाएं पूरी की गई हों।
    - **8 पॉइंट्स** एक परियोजना पूरी करने के लिए; तथा
    - **0 पॉइंट्स** कोई भी प्रासंगिक उदाहरण नहीं होने के लिए।

5. वर्णन करें कि किस प्रकार आपकी परियोजना:

a. **कोविड के बाद आपके समुदाय की प्रत्यास्थता में योगदान देगी और कोविड के प्रभावों को कम करेगी।**

चूंकि यह स्थानीय व्यापारों, स्थानीय रोज़गार, स्थानीय कला और संस्कृति उत्पादन/निष्पादन, प्रदर्शन, संरक्षण तथा/अतवा शिक्षा से सम्बद्ध है, उदाहरण उपलब्ध कराएं कि किस प्रकार यह परियोजना स्थानीय अर्थव्यवस्था में अपने अल्पावधि (पूरा होने के एक (1) वर्ष के अंदर) प्रभाव से कोविड के प्रभावों को कम करेगी तथा सामुदायिक प्रत्यास्थता का निर्माण करेगी। परियोजना के दीर्घकालिक प्रभाव (पूरा होने के एक (1) वर्ष से अधिक) के लिए इसके अतिरिक्त उदाहरण प्रदान करें।

- **15 पॉइंट्स तक** ऐसे प्रतिउत्तर के लिए जो अल्पावधि तथा दीर्घावधि प्रभाव प्रदर्शित करता हो।

- **0 पॉइंट्स** यदि परियोजना ऊपर दिखाई गई विधियों से समुदाय के संलग्नता प्रदर्शित करने में विफल रहती है।

**b. कोविड के बाद खाली या निम्नउपयोजित स्थान सक्रिय करें।**

खाली या निम्नउपयोजित स्थान के सक्रियण में शामिल है, परंतु इन्हीं तक सीमित नहीं, सुविधाएं, क्लास कक्ष, उत्पादन क्षेत्र, गैलरियाँ, प्रदर्शनियाँ तथा निष्पादन स्थल, सार्वजनिक एवं निजी इमारतें, या इमारतों के भाग, सार्वजनिक या निजी खाली/अप्रयुक्त लॉट या पार्सल्स; सड़कें, ब्लॉक तथा/अथवा पड़ोस; सार्वजनिक स्थल जैसे पार्क, खेल के मैदान, या कला स्थापनाएँ जिन पर कोविड का प्रभाव हुआ है।

- **10 पॉइंट्स तक** ऐसे प्रतिउत्तर के लिए जो निम्न उपयोजित स्थान का सक्रियण प्रदर्शित करता हो।
- **0 पॉइंट्स** यदि परियोजना ऊपर दिखाई गई विधियों से समुदाय के संलग्नता प्रदर्शित करने में विफल रहती है।

**c. कोविड के बाद समुदाय के विज़न में योगदान दे।**

वर्णन करें कि किस प्रकार यह परियोजना काउंटी, नगरपालिका या पड़ोस स्तर की योजनाओं, अध्ययनों तथा/अथवा वक्तव्यों द्वारा व्यक्त समुदाय के दृष्टिकोण को संबोधित करती है। उदाहरणों में शामिल हैं सामुदायिक कला तथा कला शिक्षा, आर्थिक विकास, प्रमुख सड़क, संवहनीय NJ, लघु व्यापार उद्यमशीलता, सांस्कृतिक तथा पारंपरिक योजनाएँ, स्थानीय कला तथा सांस्कृतिक विकास, ऐतिहासिक संरक्षण, यात्रा तथा पर्यटन को बढ़ावा देने, स्थानीय सौंदर्यीकरण तथा स्थान निर्माण, पड़ोस पुनर्विकास तथा पड़ोस पुनरुद्धार, तथा अन्य योजनाओं पर केन्द्रित योजनाएँ और अध्ययन।

- **10 पॉइंट्स तक** ऐसे प्रतिउत्तर के लिए जिसमें प्रदर्शित हो कि किस प्रकार परियोजना समुदाय के विज़न को संबोधित करती है।
- **0 पॉइंट्स** यदि परियोजना ऊपर दिखाई गई विधियों से समुदाय के संलग्नता प्रदर्शित करने में विफल रहती है।

**35 पॉइंट्स तक** 5 (a), (b), तथा (c) का योग।

6. विस्तार से बताएं कि किस प्रकार आवेदक संगठन का प्राथमिक फ़ोकस कला और संस्कृति के इर्द गिर्द केन्द्रित है। अधिकतम **250 शब्दों** का विवरण और अधिकतम तीन (3) ऐसे सहायक दस्तावेज़ उपलब्ध कराएं जो संगठन के फ़ोकस को प्रदर्शित करते हों।

सहायक दस्तावेज़ों में शामिल हो सकते हैं, परंतु इन्हीं तक सीमित नहीं हैं, चार्टर या गठन दस्तावेज़; कला और संस्कृति से संबंधित गतिविधियों या परियोजनाओं के लिए अन्य संघीय/राज्य/स्थानीय सरकार और/या निजी/सार्वजनिक परोपकारी अनुदान, अवार्ड, पुरस्कार या अन्य लाभ; कला और संस्कृति पक्षपोषण, प्रचार या सार्वजनिक सेवा से संबंधित स्थानीय, राज्य, राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय संगठन में सदस्यता दस्तावेज़; कला और संस्कृति से संबंधित पिछले शिक्षण या प्रदर्शनी कार्य का प्रमाण; कला और संस्कृति से संबंधित अकादमिक, आर्थिक या सरकारी अध्ययन में भागीदारी या सहयोग; वार्षिक प्रोग्रामिंग दस्तावेज़, वार्षिक रिपोर्ट, वार्षिक वित्तीय दस्तावेज़, और अन्य दस्तावेज़ जो कला और संस्कृति पर फ़ोकस को सिद्ध करते हों।

- **20 पॉइंट्स** यदि वर्णनात्मक और सहायक दस्तावेज़ यह प्रदर्शित करने के लिए उपलब्ध कराये गए कि यह एक कला और संस्कृति केन्द्रित संगठन है।
- **0 पॉइंट्स** यदि ऐसा नहीं है।

7. यदि आवेदक संगठन किसी एक कलाकार, कलाकार समूह, एक कला तथा संस्कृति ग़ैर लाभकारी, किसी नगरपालिका संस्था, किसी सामुदायिक समूह, या किसी निजी सेक्टर संस्था के साथ साझेदारी कर रहा है तो दोनों पक्षों द्वारा स्वीकृत आशय पत्र द्वारा साझेदारी का प्रमाण उपलब्ध कराएं जिसमें शामिल हो:
   a) वह लाभ जो साझेदारी परियोजना के लिए लाएगी,
   b) परियोजना के दायरे के लिए प्रतिबद्धता,
   c) परियोजना के क्रियान्वयन तथा पूरा करने की समयसीमा,
   d) अपेक्षित अंतिम उत्पाद, तथा
   e) कोई अन्य व्यक्तिगत, वस्तुपरक, अथवा वित्तीय संसाधन जो परियोजना के लिए प्रतिबद्ध हो (यदि लागू हो)।

   - **10 पॉइंट्स** एक या अधिक साझेदारों से प्रतिबद्धता पत्र के लिए।
   - **0 पॉइंट्स** साझेदारों से प्रतिबद्धता पत्र नहीं होने के लिए।

**नोट:** यदि दो या अधिक आवेदन एक समान स्कोर प्राप्त करते हैं, अवार्ड के लिए अनुशंसा नंबर 1 के आधार पर की जाएगी, जैसा कि नीचे सूचीबद्ध है। यदि आवेदन स्कोर नंबर 1 के लिए भी समान होंगे, तब अवार्ड के लिए अनुशंसा नंबर 2 के लिए उच्चतम स्कोर वाले आवेदन के आधार पर की जाएगी, जैसा कि नीचे सूचीबद्ध है। यदि आवेदन स्कोर नंबर 2 के लिए भी समान होंगे, तब अवार्ड के लिए अनुशंसा नंबर 3 के लिए उच्चतम स्कोर वाले आवेदन के आधार पर की जाएगी, जैसा कि नीचे सूचीबद्ध है।

1) MRI इंडेक्स - बोर्ड के लिए न्यूनतम MRI स्कोर वाली परियोजना होस्ट नगरपालिका की अनुशंसा की जाएगी।

2) प्रश्न 4 - अवार्ड के लिए बोर्ड से प्रश्न 4 के लिए उच्चतम स्कोर वाली परियोजना (समान दायरे वाली परियोजनाओं के साथ आवेदक संस्था के अनुभव का स्तर) की अनुशंसा की जाएगी।

3) प्रश्न 5 - बोर्ड से अवार्ड के लिए प्रश्न 5 में उच्चतर स्कोर वाली परियोजना (किस प्रकार परियोजना स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित करेगी, खाली और निम्नउपयोजित स्थानों का सक्रियण करेगी, तथा सकाल रूप से समुदाय की प्रत्यास्थता में योगदान करेगी) की अनुशंसा की जाएगी।

**अनुदान फ़ंडिंग आवंटन**

कार्यक्रम के अंतर्गत, आवेदक को अनुदान समझौते के क्रियान्वयन के उपरांत पूरे अनुदान का आवंटन प्राप्त होगा। प्राधिकरण द्वारा फ़ंडिंग का आवंटन केवल स्वीकृत पात्र आवेदक को किया जाएगा।

अनुदान समझौते के क्रियान्वयन के उपरांत, आवेदक को परियोजना के पूरा होने तक त्रैमासिक रिपोर्ट्स जमा करनी होंगी। NJEDA द्वारा आवेदक को टेम्पलेट उपलब्ध कराया जाएगा जिसमें फंड के उचित उपयोग संबंधी दस्तावेज़ होंगे। त्रैमासिक रिपोर्ट्स में अवश्य शामिल होना चाहिए उस दिन तक व्यय किए गए फंड का सारांश, प्राप्त किए गए माइलस्टोन(न्स) का विस्तारपूर्वक वर्णन, तथा परियोजना की सकल प्रगति, तथा प्रचलित वेतन / सकारात्मक कार्यवाही अनुपालन का प्रमाण।

आवेदक यह सुनिश्चित करने के लिए ज़िम्मेदार है कि परियोजना आवेदन की सभी शर्तों और नियमों तथा कार्यक्रम वित्तपोषण आवश्यकताओं के अनुरूप होगी। प्राधिकरण के पास किसी भी ऐसे अनुदान फंड को वापस लेने का अधिकार सुरक्षित है जिसे अपात्र उद्देश्य के लिए उपयोजित किया गया हो।

**आवेदन शुल्क**

इस कार्यक्रम के लिए कोई आवेदन शुल्क नहीं लिया जाएगा।

**अतिरिक्त आवश्यकताएँ और जानकारी**

सक्रियण, पुनरोद्धार और परिवर्तन कार्यक्रम फ़ेज़ II - सार्वजनिक स्थान सक्रियण उत्पाद के बारे में व्यापक जानकारी सक्रियण, पुनरोद्धार और परिवर्तन (ART) कार्यक्रम - फ़ेज़ II - NJEDA पर उपलब्ध है।

कार्यक्रम के फ़ंडिंग उपलब्धता सूचना से संबन्धित प्रश्न **ArtPhase2@njeda.gov** पर पूछे जाने चाहिए।

**NJEDA राज्य और संघीय क़ानूनों के अधीन है, जिसमें निम्न शामिल हैं, परंतु इन्हीं तक सीमित नहीं है, जो सम्बद्ध को प्रभावित कर सकता है:** N.J.S.A. 52:32-60.1 वगैरह, जो न्यू जर्सी सरकार की संस्थाओं को बेलारूस या रूस में निषिद्ध गतिविधियों में लगे व्यवसायों के साथ कुछ लेन-देन करने से रोकता है; विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (OFAC) द्वारा प्रख्यापित "विशेष रूप से नामित नागरिकों और अवरुद्ध व्यक्तियों" की सूची का अनुपालन, https://sanctionssearch.ofac.treas.gov; N.J.S.A. 24:6I-49 जो यह प्रावधान करता है कि निम्नलिखित अधिकांश राज्य या स्थानीय आर्थिक प्रोत्साहनों के लिए पात्र नहीं हैं (a) एक व्यक्ति या संस्था को भांग की खेती करने वाले, निर्माता, थोक व्यापारी, वितरक, खुदरा विक्रेता, या वितरण सेवा के रूप में काम करने के लिए लाइसेंस जारी किया गया है, या जो एक भांग प्रतिष्ठान, वितरक, या वितरण सेवा की ओर से काम करने के लिए प्रमाणित व्यक्तिगत उपयोग भांग हैंडलर को नियुक्त करता है; और (b) किसी संपत्ति के मालिक, डेवलपर, या किसी परियोजना के ऑपरेटर का उपयोग, पूरे या आंशिक रूप से, एक भांग की खेती करने वाले, निर्माता, थोक व्यापारी, वितरक, खुदरा विक्रेता, या वितरण सेवा को लाभ पहुंचाने के लिए किया जाना है, या एक भांग प्रतिष्ठान, वितरक, या वितरण सेवा की ओर से या उसके लिए काम करने के लिए एक प्रमाणित व्यक्तिगत उपयोग भांग हैंडलर को नियुक्त करना है; और NJSA 52:13D-12, वगैरह जो विधानमंडल के सदस्य या राज्य अधिकारी या कर्मचारी या उनके सहयोगियों या एक निगम को, जिसमें वे 1% से अधिक स्टॉक का स्वामित्व या नियंत्रण रखते हैं, को कुछ सीमित अपवादों के साथ, किसी भी राज्य एजेंसी द्वारा किए गए, दर्ज किए गए, प्रदान किए गए या दिए गए 25.00 डॉलर या अधिक के किसी भी अनुबंध, समझौते, बिक्री, या खरीद को करने या निष्पादित करने के लिए प्रतिबंधित करता है।